This question paper contains 7 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ........................

112

## B.Com. (बी. कॉम.)/I Sem. B

Paper CP 1.4—HINDI LANGUAGE (B)

प्रश्न-पत्र CP 1.4—हिंदी भाषा (ख)

(प्रवेश वर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) सोभित कर नवनीत लिए।

घुटुरुनि चलत रेनु तन-मंडित, मुख दधि लेप किए।
चारु कपोल, लोल लोचन, गोरोचन-तिलक दिये।
लट-लटकनि मनु मत्त मधुप-गन मादक मधुहिं पिए।
कठुला-कंठ वज्र केहरि नख, राजत रुचिर हिए।
धन्य सूर एकौपल इहिं सुख का सत कल्प जिए॥

**अथवा**

छोड़ा मैंने पन्थ-मतों को तब कहलाया मतवाला,
चली सुरा मेरा पग धोने तोड़ा मैंने जब प्याला;
अब मानी मधुशाला मेरे पीछे-पीछे फिरती है,
क्या कारण ? अब छोड़ दिया है मैंने जाना मधुशाला॥

—उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर मधुशाला और लेखक के परस्पर संबंधों पर विचार कीजिए। 8

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क्षमा करेगी जनता इनको अब भी यदि इंसान बनें ये,
छोड़ें लतें पुरानी अपनी
नव-भारत की शान बनें ये,
साथ-साथ सब दुख-सुख भोगें, लोक-बंधु हों, लोक-मित्र हों!
कथनी-करनी एक सरीखी, शुभ हों, तन-मन से पवित्र हों।

(*i*) लेखक ने अभिजात्य वर्ग (राजा-रानी) को क्षमा करने के लिए किस आधार का वर्णन किया है।

(*ii*) 'कथनी-करनी एक सरीखी' से आशय स्पष्ट कीजिए। 8

2. किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय दीजिए :

संत रैदास (रविदास) या सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला।

**अथवा**

पाठ्यक्रम पर आधारित सूरदास के विनय पद या 'यह उन्मत्त प्रदर्शन' का सार अपने शब्दों में लिखिए। 6

3. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

लिखने वाले के हृदयगत भाव को समझ लेने की समस्या भी कम जटिल नहीं। एक भाव को हृदयंगम करते ही भावों की बाढ़ आ घेरती है। साधारणत: वे ग्रामीण नागरिक बुद्धिजीवियों से अधिक भावुक होते हैं। इसी से संदेश का प्रत्येक अंश उनमें नवीन भावोद्रेक का कारण बन जाता है।

अथवा

इस शहर को अपने या अपने कारोबार के लिए मैंने यों ही नहीं चुना था। शुरू से ही यह मुझे यों दिलचस्प लगा कि एक में यहाँ दो शहर हैं या दो शहरों से मिलकर यहाँ एक शहर बन रहा है। एक तरफ पुरानी इमारतों का पुराना शहर है तो दूसरी तरफ नई इमारतों का बिल्कुल नया शहर। मुझसे बेहतर कौन जानता है कि पहला जिस अनुपात में टूट रहा है, दूसरा उससे कहीं ज्यादा दिन-ब-दिन फैलता जा रहा है। 8

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज जीवन में पहली बार उसका वात्सल्य मग्न मातृत्व अभिशाप बनकर उसे धिक्कारने लगा। जिस मातृत्व को उसने जीवन की विभूति समझा था, जिसके चरणों पर वह सदैव अपनी समस्त अभिलाषाएँ और कामनाओं

को अर्पित करके अपने को धन्य मानती थी, वही मातृत्व आज उसे उस अग्निकुंड-सा जान पड़ा, जिसमें उसका जीवन जलकर भस्म हो रहा था।

(i) उपर्युक्त गद्यांश से फूलमती के चरित्र की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

(ii) फूलमती अपने मातृत्व के संबंध में कैसा महसूस करती थी ? 8

4. 'करवा का व्रत' कहानी का प्रतिपाद्य लिखिए ।

**अथवा**

'एक दुराशा' निबंध का सार बताइये। 7

5. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए :

(i) मानक भाषा

(ii) संपर्क भषा। 5

6. (*i*) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये :

पंकतीयाँ, कवित्री, राश्ट्रीय, अंर्तद्वदं, महाविघालय, परिक्शा। 2

(*ii*) दिए गए वाक्यों में से किन्हीं **दो** को शुद्ध कीजिए :

(*a*) वह आ रहे हैं।

(*b*) आप खाना खा लिया।

(*c*) कृपया आप यह काम करने की कृपा करें। 2

7. एकभाषीकोश का परिचय दीजिए।

**अथवा**

बैंकों में प्रयुक्त हिंदी की स्थिति स्पष्ट कीजिए। 5

8. किन्हीं **छः** के हिंदी प्रतिशब्द लिखिये :

Insurance, Authority, Guarantee, Revenue, Contract, Mortgage, *Allottee*, Memorandum. 6

9. अपने महाविद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तकें मँगवाने के लिए प्राचार्य/प्राचार्या को पुस्तक सूची सहित पत्र लिखिए।

**अथवा**

किसी कम्पनी में नौकरी हेतु आवेदन-पत्र देने के लिए अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए। 5

10. किसी **एक** पर संक्षिप्त लेख लिखिए :

(*i*) दूरदर्शन के सामाजिक धारावाहिक;

(*ii*) संचार क्रांति का वर्तमान युग;

(*iii*) मेरी प्रिय पुस्तक। 5